

ज़ाकिर हुसैन
अकादेमी रत्न

ZAKIR HUSSAIN
Fellowship of Sangeet Natak Akademi

Born on 9 March 1951 at Bombay in Maharashtra, Shri Zakir Hussain received his training in Tabla from his father Ustad Alla Rakha Qureshi of the Punjab gharana. Shri Zakir Hussain has accompanied most of the leading musicians and dancers of the country. He has also been acclaimed as an outstanding soloist. Through his duets with other eminent players of the Tabla, Mridangam, and other percussion instruments in India and overseas, he has added a new dimension to Indian instrumental music.

Shri Zakir Hussain has performed widely and taught Tabla at various universities and cultural institutions in the United States and worked as visiting Professor in many other countries. He has trained many students in India and abroad. Shri Zakir Hussain has been documented in many prestigious publications such as *Zakir Hussain: A Life in Music* by Nasreen Munni Kabir. He has conducted many tabla workshops and seminars around the world. Shri Hussain has been associated with many prestigious cultural institutions such as Board Member of NCPA, Mumbai, and SFJazz, San Francisco. He has a large number of recordings to his credit.

For his excellence in the field of Tabla, Shri Zakir Hussain has received numerous titles and awards. These include the Padma Shri in 1988; the Sangeet Natak Akademi Award in 1991; the National Heritage Fellowship in 1999; the Isadora Duncan Dance Awards in 1998-99 and 2010-11; the Padma Bhushan in 2002; the Kalidas Samman in 2005-06; the Grammy in 2009; and the Lifetime Achievement Award conferred by SFJazz Center in 2017.

Shri Zakir Hussain is elected Fellow of Sangeet Natak Akademi for his contribution to Indian music.

SANGEET NATAK AKADEMI AWARDS
संगीत नाटक अकादेमी पुरस्कार
2018

महाराष्ट्र के बॉम्बे में 9 मार्च 1951 को जन्मे, श्री ज़ाकिर हुसैन ने तबला में अपना प्रशिक्षण पंजाब घराने के उस्ताद और अपने पिता उस्ताद अल्ला रक्खा कुरैशी से प्राप्त किया। श्री ज़ाकिर हुसैन ने देश के अधिकांश प्रमुख संगीतकारों और नर्तक-नर्तकियों के साथ संगत किया है। आपकी सराहना एक उत्कृष्ट एकल तबला वादक के रूप में होती रही है। भारत और विदेशों में तबला, मृदंगम और अन्य ताल वाद्यों के अन्यान्य प्रख्यात वादकों के साथ अपनी युगलबंदी के माध्यम से, आपने भारतीय वाद्य संगीत में एक नया आयाम जोड़ा है।

श्री ज़ाकिर हुसैन ने संयुक्त राज्य अमेरिका के विभिन्न विश्वविद्यालयों और सांस्कृतिक संस्थानों में व्यापक रूप से अपनी प्रस्तुतियाँ दी हैं और तबला का प्रशिक्षण भी दिया है, साथ ही कई अन्य देशों में विजिटिंग प्रोफेसर के रूप में भी काम किया है। आपने भारत और विदेशों में कई छात्रों को प्रशिक्षित किया है। श्री ज़ाकिर हुसैन पर कई पुस्तकें लिखी गई हैं, जिसमें नसरीन मुन्नी कबीर द्वारा लिखित ज़ाकिर हुसैनः ए लाइफ इन म्यूज़िक बहुचर्चित रही है। आपने दुनिया भर में कई तबला कार्यशालाओं और सेमिनारों का आयोजन किया है। श्री हुसैन कई प्रतिष्ठित सांस्कृतिक संस्थानों जैसे एन सी पी ए, मुंबई के बोर्ड सदस्य और एस एफ जैज़, सैन फ्रांसिस्को से जुड़े रहे हैं। आपके तबला वादन की रिकॉर्डिंग्स बड़ी संख्या में उपलब्ध हैं।

तबला वादन के क्षेत्र में अपनी उत्कृष्टता के लिए, श्री जाकिर हुसैन को कई उपाधियाँ और पुरस्कार प्राप्त हुए हैं। इनमें वर्ष 1988 में पद्मश्री; वर्ष 1991 में संगीत नाटक अकादेमी पुरस्कार; वर्ष 1999 में राष्ट्रीय विरासत फैलोशिप; वर्ष 1998–99 और 2010–11 में इज़ाडोरा डंकन डांस अवार्ड्स; वर्ष 2002 में पद्मभूषण; वर्ष 2005–06 में कालिदास सम्मान; वर्ष 2009 में ग्रैमी अवॉर्ड; और वर्ष 2017 में एसएफ जैज़ सेंटर द्वारा प्रदान किया गया लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड प्रमुख हैं।

भारतीय संगीत में योगदान के लिए श्री ज़ाकिर हुसैन को संगीत नाटक अकादेमी का रत्न सदस्य चुना गया है।

SANGEET NATAK AKADEMI AWARDS
संगीत नाटक अकादेमी पुरस्कार
2018